राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 128 / 2024 दिनांकः—20 जनवरी, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः—राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी महाविद्यालयों में मतदाताओं हेतु शपथ दिलाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया अपर जिलाधिकारी, प्रशासन / उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अलीगढ़ के संलग्न पत्र सं0—96 / डीईओ / एनवीडी—2024 दिनांक 18 जनवरी, 2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें (प्रति संलग्न) जिसमें दिनांक 25 जनवरी, 2024 को चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी मतदाताओं को मतदान हेतु शपथ दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

चूँकि दिनांक 25.01.2024 को मौ0 हजरत अली का जन्म दिवस का सार्वजनिक अवकाश है। अतः दिनांक 24.01.2024 को प्रातः 11:00 बजे अपने महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मतदान हेतु शपथ दिलाया जाना सुनिश्चित करें, तथा शपथ ग्रहण से सम्बन्धित कम से कम 4 फोटो ग्राफ्स ईमेल adeo-ali@nic.in पर भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः—यथोपरि।

भवदीय

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. आयुक्त, अलीगढ मण्डल, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़।
4. गार्ड फाईल।

उप कुलसचिव

V letter

3338
19/1/24

निर्वाचन अति महत्वपूर्ण

कार्यालय जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, अलीगढ़।

संख्या– 96 /डीईओ/एनवीडी–2024 दिनांक– 18 जनवरी, 2024

विषयः–दिनांक 25 जनवरी, 2024 को चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।

समस्त कार्यालयाध्यक्ष/प्रधानाचार्य,
जनपद–अलीगढ़।

उपरोक्त विषयक कृपया मुख्य निर्वाचन अधिकारी,उ0प्र0,लखनऊ के पत्र संख्याः–69/सी0ई0ओ0–6–60/6–2022 दिनांक 12 जनवरी, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके अन्तर्गत चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस सभी जिलों में मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जाने तथा इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने आये मतदाताओं द्वारा शपथ ली जानी है। पूर्वान्हः11.00 बजे बी0एल0ओ0 द्वारा बूथ पर, निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा वी0आर0सी0 पर, ई0एल0सी0 पर तथा जिला मुख्यालय पर शपथ ग्रहण समारोह किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि दिनांक 25.01.2024 को मौ0 हजरत अली का जन्म दिवस का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण समस्त कार्यालयों एवं विद्यालयों में शपथ दिनांक 24.01.2024 को अपरान्हः 11.00 बजे कराया जाना है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि जनपद के सभी कार्यालयों एवं स्कूल/कालेजों में दिनांक 24.01.2024 को अपरान्हः 11.00 बजे शपथ दिलाया जाना एवं शपथ ग्रहण से सम्बन्धित कम से कम 4–4 फोटोग्राफ adeo-ali@nic.in पर भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

18/01/24
(पंकज कुमार)
अपर जिलाधिकारी(प्रशासन)/
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
अलीगढ़।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त महोदय,अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी महोदय, अलीगढ़ की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी(स्वीप),अलीगढ़।
4. जिला विद्यालय निरीक्षक/सहायक नोडल अधिकारी(स्वीप),अलीगढ़।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी(स्वीप),अलीगढ।

अपर जिलाधिकारी(प्रशासन)/
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
अलीगढ।

मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली

शपथ

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"।